# भैरव चालीसा
# (Bhairav Chalisa)

## ॥भैरव चालीसा॥

**॥ दोहा ॥**
श्री गणपति गुरु गौरी पद
प्रेम सहित धरि माथ ।
चालीसा वंदन करो
श्री शिव भैरवनाथ ॥

श्री भैरव संकट हरण
मंगल करण कृपाल ।
श्याम वरण विकराल वपु
लोचन लाल विशाल ॥

**॥ चौपाई ॥**
जय जय श्री काली के लाला ।
जयति जयति काशी-कुतवाला ॥

जयति बटुक-भैरव भय हारी ।
जयति काल-भैरव बलकारी ॥

जयति नाथ-भैरव विख्याता ।
जयति सर्व-भैरव सुखदाता ॥

भैरव रूप कियो शिव धारण ।
भव के भार उतारण कारण ॥

भैरव रव सुनि हवै भय दूरी ।
सब विधि होय कामना पूरी ॥

शेष महेश आदि गुण गायो ।
काशी-कोतवाल कहलायो ॥

जटा जूट शिर चंद्र विराजत ।
बाला मुकुट बिजायठ साजत ॥

कटि करधनी घुंघरू बाजत ।
दर्शन करत सकल भय भाजत ॥

जीवन दान दास को दीन्ह्यो ।
कीन्ह्यो कृपा नाथ तब चीन्ह्यो ॥

वसि रसना बनि सारद-काली ।
दीन्ह्यो वर राख्यो मम लाली ॥

धन्य धन्य भैरव भय भंजन ।
जय मनरंजन खल दल भंजन ॥

कर त्रिशूल डमरू शुचि कोड़ा ।
कृपा कटाक्ष सुयश नहिं थोडा ॥

जो भैरव निर्भय गुण गावत ।
अष्टसिद्धि नव निधि फल पावत ॥

रूप विशाल कठिन दुख मोचन ।
क्रोध कराल लाल दुहुं लोचन ॥

अगणित भूत प्रेत संग डोलत ।
बम बम बम शिव बम बम बोलत ॥

रुद्रकाय काली के लाला ।
महा कालहू के हो काला ॥

बटुक नाथ हो काल गंभीरा ।
श्वेत रक्त अरु श्याम शरीरा ॥

करत नीनहूं रूप प्रकाशा ।
भरत सुभक्तन कहं शुभ आशा ॥

रत्न जड़ित कंचन सिंहासन ।
व्याघ्र चर्म शुचि नर्म सुआनन ॥

तुमहि जाइ काशिहिं जन ध्यावहिं ।
विश्वनाथ कहं दर्शन पावहिं ॥

जय प्रभु संहारक सुनन्द जय ।
जय उन्नत हर उमा नन्द जय ॥

भीम त्रिलोचन स्वान साथ जय ।
वैजनाथ श्री जगतनाथ जय ॥

महा भीम भीषण शरीर जय ।
रुद्र त्रयम्बक धीर वीर जय ॥

अश्वनाथ जय प्रेतनाथ जय ।
स्वानारुढ़ सयचंद्र नाथ जय ॥

निमिष दिगंबर चक्रनाथ जय ।
गहत अनाथन नाथ हाथ जय ॥

त्रेशलेश भूतेश चंद्र जय ।
क्रोध वत्स अमरेश नन्द जय ॥

श्री वामन नकुलेश चण्ड जय ।
कृत्याऊ कीरति प्रचण्ड जय ॥

रुद्र बटुक क्रोधेश कालधर ।
चक्र तुण्ड दश पाणिव्याल धर ॥

करि मद पान शम्भु गुणगावत ।
चौंसठ योगिन संग नचावत ॥

करत कृपा जन पर बहु ढंगा ।
काशी कोतवाल अड़बंगा ॥

देयं काल भैरव जब सोटा ।
नसै पाप मोटा से मोटा ॥

जनकर निर्मल होय शरीरा ।
मिटै सकल संकट भव पीरा ॥

श्री भैरव भूतों के राजा ।
बाधा हरत करत शुभ काजा ॥

ऐलादी के दुख निवारयो ।
सदा कृपाकरि काज सम्हारयो ॥

सुन्दर दास सहित अनुरागा ।
श्री दुर्वासा निकट प्रयागा ॥

श्री भैरव जी की जय लेख्यो ।
सकल कामना पूरण देख्यो ॥

**॥ दोहा ॥**
जय जय जय भैरव बटुक स्वामी संकट टार ।
कृपा दास पर कीजिए शंकर के अवतार ॥

************

# Bhairav Chalisa (in English)

**ll doha ll**

shree ganapati guru gauree pad
prem dhari sahit maath ll
chaaleesa vandan karo
shree shiv bhairavanaath ll

shreebhairav sankat haran
mangal karan krpaal ll
shyaam varan vikaraal vapu
lochan laal vishaal ll

**ll chaupaee ll**

jay jay shree kaalee ke laala ll
jayati jayati kaashee-kutavaala ll

jayati batuk-bhairav bhay haaree ll
jayati kaal-bhairav balakaaree ll

jayati naath-bhairav vaibhava ll
jayati sarv-bhairav sukhadaata ll

bhairav roop kiyo dhaaran shiv ll
bhav ke bhaar jaaree hone ka kaaran ll

bhairav rav suni havai bhay doori ll
sab vidhi hoy kaamana poorn ll

shesh mahesh aadi gun gaayo ll
kaashee-kotavaal kahalaayo ll

jata joot shree chandr viraajat ll
baala mukut bijayath saajat ll

kati karadhanee ghungharoo baajat ll
darshan karat sakal bhay bhajat ll

jeevan daan daas ko dinahyo ll
kinhyo krpa naath tab chheenyo ll

vasi rasana bani sarad-kaalee ll
deenhyo var raakhyo mam laali ll

dhany dhany bhairav bhay bhanjan ll
jay manoranjan khal dal bhanjan ll

kar trishool damaroo shuchi koda ll
krpa kataksh suyash nahin thoda ll

jo bhairav nirbhay gun gaavat ll
ashtasiddhi nav nidhi phal paavat ll

roop vishaal kathin duhkh mochan ll
krodh karaal laal duhun lochan ll

aganit bhoot pret sang dolat ll
bam bam bam shiv bam bam bolat ll

rudrakaay kaalee ke laala ll
maha kaalhoo ke ho kaala ll

batuk naath ho kaal gambheerata ll
shvet rakt aru shyaam shareera ll

karat neenahoon roop prakaasha ll
bharat subhaktan kahan shubh aasha ll

ratnajatit kanchanajanghaan ll
vyaaghr charm shuchi narm suanan ll

tumahi jai kaasheehin jan dhyaavahin ll
vishvanaath kahan darshan paavahin ll

jay prabhu sanhaarak sunand jay ll
jay unnat har uma nand jay ll

bheem trilochan svaan saath jay ll
vaijanaath shree jagatanaath jay ll

maha bheem bheeshan shareer jay ll
rudr trayambak dheer veer jay ll

ashvanaath jay pretanaath jay ll
svanaarudh sayachandr naath jay ll

nimish digambar chakranaath jay ll
gahat anaathan naath haath jay ll

trilesh bhootesh chandr jay ll
krodh vats amaresh nand jay ll

shree vaaman nakulesh chand jay ll
krtau kirati prachand jay ll

rudr batuk krodhesh kaaladhar ll
chakr tund dash paanivyaal dhar ll

kari mad paan shambhu gunagaavat ll
chaunsath yogin sang naachavat ll

karat krpa jan par bahuguna ll
kaashee kotavaal adabanga ll

dayan kaal bhairav jab sota ll
na saee paap mote se mota ll

jaanakar nirmal hoy shareera ll
mitai sakal sankat bhav peera ll

shree bhairav bhooton ke raaja ll
baadha harat karat shubh kaaja ll

ailaadee ke duhkh nivaarayo ll
sada krpaakari kaaj samhaarayo ll

sundar daas anuraag sahita ll
shree durvaasa nikat prayaaga ll

shree bhairav jee kee jay lekho ll
sakal kaamana pooran dekhyo ll

**ll doha ll**

jay jay jay bhairav batuk svaamee sankat taar ll
krpa daas par kij shankar ke avataar ll

*********